हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
06 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में तपेदिक के नए छोटे और अधिक प्रभावी उपचार को स्वीकृति दी।
- पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट विधानसभा चुनाव से लगभग एक माह पहले कांग्रेस में शामिल हुए।
- हरियाणा के उद्योग एंव वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ हलके से अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।
- हरियाणा में पहली अक्तूबर से खरीफ सीजन की दलहन व तिलहन फसलों की खरीद शुरू होगी।
- हरियाणा पुलिस ने फरीदाबाद और पंचकूला जिले से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया।

फरीदाबाद से एक किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद हुआ।

****************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की।उन्होंने शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में चर्चा की। श्री मोदी ने सुझाव दिया कि

शिक्षक विभिन्न भाषाओं में विद्यार्थियों को स्थानीय लोककथाएँ सुनाएं, जिससे विद्यार्थी कई भाषाएँ सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें।प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता जानने के लिए शैक्षिक पर्यटन पर ले जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को सीखने में मदद मिलेगी और अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी सहायता मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि इससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।श्री मोदी ने पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ने का सुझाव भी दिया।

*******************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में तपेदिक के नए छोटे और अधिक प्रभावी उपचार को स्वीकृति दी है।

मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत यह उपचार अत्यधिक प्रभावी है और इसमें कम समय लगता है। इससे देश में तपेदिक समाप्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करने में काफी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है।

*******************************************************

केंद्र सरकार ने आमदनी और योग्यता पर आधारित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए चुने हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की समय-सीमा इस महीने की 30 तारीख तक बढ़ा दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल इस वर्ष 30 जून से खुला हुआ है । योजना के अंतर्गत हर वर्ष नौवीं कक्षा के ऐसे एक लाख नये विद्यार्थियों के लिए

छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिन्होंने केंद्रशासित प्रदेशों और राज्य सरकारों द्‌वारा आयोजित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

*****************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव से लगभग एक माह पहले पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट आज कांग्रेस में शामिल हो गए।नई दिल्ली में पार्टी महासचिव के.सी वेणुगोपाल और दीपक बाबरिया की मौजूदगी में उन्हें कांग्रेस में शामिल किया गया। इस अवसर पर विनेश फोगाट ने कहा कि वो कांग्रेस में इसलिए शामिल हुई हैं क्योंकि पार्टी महिलाओं के साथ खड़ी है और उनके संघर्ष के दौरान कांग्रेस ने उनका समर्थन किया था।मिली जानकारी के अनुसार विनेश फोगाट ने कांग्रेस में शामिल होने से पहले रेलवे की नौकरी से इस्तीफ़ा दे दिया है।

*****************************************************

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन आज उद्‌योग एंव वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ हल्के से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राजस्थान के पाली से सांसद पीपी चौधरी, और जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा भी मौजूद रहे ।श्री शर्मा इसी हल्के से विधायक हैं और एक बार फिर बी जी पी प्रत्याशी के तौर पर यहाँ से चुनाव लड़ रहे हैं।चरखी दादरी जिले के दादरी विधानसभा क्षेत्र और कैथल जिले के पूंडरी हलके से भी आज एक एक नामांकन पत्र भरा गया । दादरी से चरखी दादरी निवासी हेमंत ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरा जबकि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से सोशलिस्ट यूनिटी सैंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी के प्रत्याशी बाबू राम ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

*******************************************************

पंजाब के मुखयमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता भगवंत मान ने आज कैथल जिले के कलायत में बदलाव रैली को संबोधित किया । उन्होंने दावा किया कि हरियाणा के लोग नई कहानी लिखने के लिए तैयार बैठे हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब की समस्याएं सांझी हैं। पंजाब के लोगों ने भी अकाली, बीजेपी और कांग्रेस को बहुत मौके दिए और हरियाणा के लोगों ने भी इनको मौके दिए। हरियाणा के साथ भी वहीं हुआ जो पंजाब के साथ हुआ। रैली को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, बलबीर सिंह सैनी, पूर्व मंत्री नरेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह और सुखबीर चहल ने भी संबोधित किया।

*******************************************************

हरियाणा में पहली अक्तूबर से खरीफ सीजन की दलहन और तिलहन फसलों की खरीद शुरू होगी। इसमें मूंग, मूंगफली, अरहर, उड़द और तिल की फसलें शामिल है। फसलों की खरीद केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। हैफेड भी खरीद प्रक्रिया में भाग लेगा।खरीद कार्यक्रम के अनुसार पहली अक्तूबर से 15 नवंबर तक मूंग और पहली नवंबर से 31 दिसंबर तक मूंगफली की खरीद की जाएगी। इसके अलावा, पहली दिसंबर से 31 दिसंबर तक अरहर, उड़द और तिल सहित तिलहन और दलहन फसलों की खरीद की जाएगी। हैफेड भी खरीद प्रक्रिया में भाग लेगा।मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कल चंडीगढ़ में विपणन सत्र 2024-25 के लिए फसलों की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की और निर्धारित समय पर फसलों की खरीद शुरू करने

तथा मंडियों में भंडारण एवं बारदाने आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को सुचारू खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. प्रसाद ने कहा कि इस बार हरियाणा में खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मूंग का 27 हजार 197 टन, अरहर का 238 टन, उड़द का 85 टन, तिल का 471 टन तथा मूंगफली का 9 हजार 668 टन उत्पादन होने का अनुमान है।

*****************************************************

हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की अंबाला इकाई ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर 580 ग्राम अफ़ीम बरामद की है।अंबाला में ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने बताया कि आरोपी को पंचकुला के गांव मानपुर नानक चंद के बाहर मोड़ पर काबू किया गया जब वह अफ़ीम लेकर गांव से पिंजौर की तरफ़ जा रहा था। आरोपी की पहचान जैनेंद्र लांबा के तौर पर हुई है।अभियोग दर्ज कर उसे रिमांड पर लिया गया है।

*****************************************************

फरीदाबाद पुलिस की थाना एस जी एम नगर की अपराध शाखा, ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर 1 किलोग्राम 16 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी चंदन कुमार झारखंड का निवासी है, वर्तमान में फरीदाबाद की राहुल कॉलोनी में रह रहा था।

*****************************************************

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र पलवल जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त हरीश कुमार के साथ पलवल विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने रहीमपुर एवं

बागपुर में लगाए गए अंतरराज्यीय नाकों का निरीक्षण किया ।पत्रकारों से बातचीत में पुलिस कप्तान चंद्र मोहन ने कहा कि जिला पलवल, उत्तर प्रदेश से लगता होने के कारण तीन अंतरराज्यीय नायकों सहित कुल 15 नाके लगाए गए हैं। जहा पर अर्धसैनिक बलों और पुलिस के जवानों द्वारा नाको पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से जांच के बाद ही वाहनों को आगे जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के चलते शराब की तस्करी और नशीले पदार्थों की आपूर्ति को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है उन्होंने कहा कि पलवल पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील की है कि अपने मत का निर्भीक होकर प्रयोग करें तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

*****************************************************

आज चंडीगढ़ में सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें राम दरबार में रक्त की कमी की जांच के लिए लगाया गया शिविर, खुड्डा लाहौरा में कुपोषित बच्चों की जांच, मनी माजरा में करवाई गई चित्रकला प्रतियोगिता और 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में करवाए गए कार्यक्रम शामिल हैं।हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि राम दरबार में गर्भवती एवं स्तनपान करवाने वाली महिलाओं में ख़ून की कमी की जांच के लिए लगाए गए शिविर का उद्घाटन सामाजिक न्याय,महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव अनुराधा एस. चगती और विभाग की निदेशक डॉ॰ पालिका अरोड़ा ने किया।इस अवसर पर

सचिव द्वारा लाभार्थियों को पोषण की कढ़ाही भी आवंटित की गई। खुड्डा लाहौरा में 95 बच्चों की जांच की गई जिनमें से 30 बच्चे स्वस्थ पाए गए।चिकित्सा अधिकारी डॉ० पूजा और डॉ० अनु ने माताओं का, उचित आहार के सेवन को लेकर मार्गदर्शन भी किया।

*******************************************************

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के दौरान जींद जिले में खंड एवं ग्राम स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।जुलाना उपमंडल की महिला एवं बाल विकास अधिकारी संतोष यादव ने बताया कि पोषण अभियान में महिलाए काफी बढ़-चढ़ कर भाग ले रही है उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर भोजन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ जैसे कि अनाज, दालों हरी पत्तेदार सब्जियां व फलों के सेवन बारे जागरूक किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि महिलाओं को बताया जा रहा है कि डायरिया से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, घरेलू स्वच्छता और खाद्य स्वच्छता जरूरी है।